an>

title: Need to regulate the course of river Ganguli causing erosion of villages and farm lands in Gaunaha block of Valmiki Nagar Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर के प्रखंड गौनाहा से गुजरने वाली गंगुली नदी की मुख्य धारा में परिवर्तन हो गया है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर गाँवों व उपजाऊ जमीन का कटाव हो रहा है, जिससे उपजाऊ जमीन में बालू भर रही है और कहीं-कहीं तो बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे हैं। आये दिन कोई न कोई हादसा हो रहा है तथा ग्रामीणों में दहशत बढ़ती जा रही है। 10 गाँवों के लोग तो बहुत ही परेशान हैं। ये गाँव इस प्रकार हैं, 1. मटियारिया 2. सिरसिया 3. मस्जिदवा 4. घुमली-परसा 5. बड़हरवा 6. हरदी 7. डुमरा 8. सैंथोल 9. शेरवा 10. पिपरा आदि प्रमुख प्रभावित गाँव हैं तथा कई गाँवों का तो अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। यह अति पिछड़ा, आदिवासी बाहुल्य व अविकसित क्षेत्र भी है। यहाँ सिवाय कृषि के आर्थिक रूप से गरीब किसानों को मजबूत करने के लिए कोई और माध्यम नहीं है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त विषय बहुत ही संवेदनशील है, जिस पर आप मानवीय रूप अपनाते हुए गंगुली नदी की मुख्य धारा में परिवर्तन रोकने हेतु गाइड बाँध का निर्माण जल्द कराने की कृपा करें, जिससे हजारों लोगों को राहत मिल सके।